दिनांक 23.12..2025 “स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई”

# निगम परिसर में शासकीय योजनाओं का शिविर लगाया गया

**भिलाईनगर।** भारत सरकार द्वारा दिनांक 19 से 25 दिसम्बर तक सुशासन सप्ताह अभियान चलाया जा रहा है। शिविर में महापौर नीरज पाल सभापति गिरवर बंटी साहू आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय महापौर परिषद के सदस्य एकांश बंछोर जोन 5 अध्यक्ष भूपेन्द्र यादव पार्षदगण एवं निगम के अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति में दीप प्रज्जवलित कर शिविर का शुभारंभ कराया गया। उपायुक्त दिनेश कोशरिया ने उपस्थित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी कर्मचारियों को सुशासन सप्ताह का शपथ दिलाये। शासन के आदेशानुसार निगम आयुक्त के मार्गदर्शन में मुख्य कार्यालय परिसर में सुशासन सप्ताह के उपलक्ष्य में जन समस्याओं के निराकरण हेतु दिनांक 23.12.2025 को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक शिविर लगाया गया। शिविर में 11 आवेदन प्रधानमंत्री आवास योजनाए 2 आवेदन राष्ट्रीय पेंशन योजनाए 3 आवेदन राशन कार्डए 4 आवेदन राष्ट्रीय शहरी अजीविका मिशनए 8 आवेदन सड़क नाली निर्माणए 7 आवेदन पेयजल विस्तारए 8 आवेदन स्ट्रीट लाईटए उज्जवला योजनाए हेल्प डेस्कए अनुज्ञप्ति लाईसेंस नामांतरण फ्री होल्ड लीज होल्ड एवं अन्य योजना के 29 आवेदन इस प्रकार कुल 72 आवेदन प्राप्त हुआ है। साथ ही वाहन चालकों के लिए परिवहन विभाग से ड्राईविंग लाईसेंस का स्टाल रखा गया था। नागरिक शिविर में उपस्थित होकर अपनी आवश्यकता अनुसार योजना के काउंटर पर जाकर पूछताछ कर अपने समस्या से संबंधित आवेदन फार्म जमा किये हैं। निगम आयुक्त के निर्देशानुसार सभी विभाग से संबंधित जमा किये गये आवेदनों का जल्द ही निराकरण किया जाएगा।

